# प्रगति आख्या

**कृषि विज्ञान केन्द्र, दुवासू मथुरा द्वारा गांव नगरी में मनाया गया आजादी का अमृत महोत्सव**

**राष्ट़ निमार्ण में युवाओं की अहम भूमिका : वीसी प्रो डा एके श्रीवास्तव**

**हर घर तिरंगा कार्यक्रम से सराबोर हुआ नगरी गांव**

**मथुरा। 13 अगस्त 2022**

उत्तर प्रदेश पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विवि एवं गो अनुसंधान संस्थान के कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा 75 वां आजादी का अमृत महोत्सव बडी धूमधाम से मनाया गया। विवि के माननीय कुलपति प्रो डा एके श्रीवास्तव के दिशा निर्देशन में शनिवार को मथुरा विकास खंड के गांव नगरी में पंचायत घर प्रांगण में कार्यक्रम का आयोजन किया। यहां वक्ताओं ने देश की आजादी के विषय में विस्तारपूर्वक अपने विचार व्यक्त किए। वाद–विवाद प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। जिसमें युवाओं, वयोवृदों ने बढ–चढ कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर रैली के आयोजन ने पूरे गांव को आजादी के जश्न में सराबोर कर दिया। गांव की गलियां देशभक्ति नारों, गानों से गुंजायमान हो रही थीं। गांव में हर घर तिरंगा की धूम आसपास के गांवों तक पहुंच रही थी। वृक्षारोपण और पौध वितरण से कार्यक्रम और भी भव्य दिखाई दिया। ग्रामीणों को 121 तिरंगा निःशुल्क वितरण किए गए। वेटरनरी विवि के कुलपति प्रो एके श्रीवास्तव ने अपने संदेश में बताया कि राष्ट निमार्ण में युवाओं की भूमिका अहम होती है। इसलिए हर युवा अपने पारिवारिक जिम्मेदारी के अलावा राष्ट़ के नव निमार्ण और तरक्की में अपना कुछ ना कुछ योगदान जरुर दें। क्योंकि देश आगे बढेगा, तभी हम आगे बढेंगे। अधिष्ठाता पशु चिकित्सा संकाय, प्रो पीके शुक्ला ने अपने संदेश में कहा कि कृषक–पशुपालक अपनी आय बढाकर भी देश में योगदान कर सकते हैं। उन्होंने पशुपालकों को कम संसाधन में आय कैसे बढायें के विषय में संदेश दिया। निदेशक प्रसार डा सर्वजीत यादव ने अपने संदेश में कहा कि बकरी पालन कर गांधी जी का सपनों साकार कर सकते हैं। युवा कठिन परिश्रम से तथा किसान और पशुपालक नई तकनीकी से बेहतर लाभ ले सकते है। केवीके प्रभारी डा वाईके शर्मा ने कहा कि आजादी का सही तात्पर्य अनुशासन एवं सार्थक विकास से भी है। उन्होने कार्यक्रम में आजादी की कई महत्वपूर्ण दास्तानें सुनाई जिससे काफी लोग लाभान्वित हुए। उन्होने खेतीबाडी की नई तकनीकी बताई तथा धान एवं अन्य खरीफ जायद की फसलों में लगने वाले रोग–बीमारियों की पहचान तथा बचाव के उपाय बताये। ग्राम प्रधान निहाल की अध्यक्षता में वृहद वृक्षारोपण अभियान चलाया गया इसमें नीम, जामुन, बेलपत्र, आंवला आदि के 75 पौधे तथा 121 तिरंगा निःशुल्क वितरित किए।

जनपद के उप कृषि निदेशक आरके माथुर के प्रतिनिधि श्री सुशील गौतम, एसएमएस ने भाग लिया। डा नीलम एस चौहान ने महिलाओं के स्वास्थ्य हेतु तिरंगा थाली बनाने की विधि बताई। वहीं केन्द्र के वैज्ञानिक डा बृजमोहन ने सब्जियों तथा डा रविन्द्र कुमार राजपूत ने मृदा की महत्ता के बारे में बताया। इस अवसर पर केन्द्र अनिल कुमार कुलश्रेष्ठ, नन्दराम,

चन्द्रप्रकाश शर्मा, जौली आदि ने गांव के गवेन्द्र, नगीना, बच्चू सिंह, दिगंबर, योगेन्द्र सिंह, गिरधारी, पंकज चौधरी, नेपाल सिंह, भव सिंह सहित 200 से अधिक कृषकों, पशुपालकों ने कार्यक्रम में भाग लिया।




